एमडीआई गुड़गांव में हुआ ब्राण्डस्केप्स सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरो लैब का उद्घाटन

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। मैनेजमेन्ट डेवलपमेन्ट इंस्टीट्यूट (एमडीआई) गुड़गांव ने 21 फरवरी 2024 को ब्रांडस्केप्स एमडीआई सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरो लैब का उद्घाटन किया, जो भारतीय मैनेजमेन्ट रीसर्च एवं एजुकेशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि है। महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण से प्रेरित बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरोलैब, न्यूरोसाइन्टिफिक एवं बिहेवियरल सिद्धान्तों पर आधारित बहु-आयामी अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। फाइनैंस, इकोनोमिक्स, पॉलिसी मैनेजमेन्ट, मार्केटिंग, ओगेर्नाइजेशनल बिहेवियर और ह्युमन रिसोर्स मैनेजमेन्ट पर ध्यान केन्द्रित करते हुए यह सेंटर ऐसे रूझान प्रस्तुत करेगा, जो निर्णय निर्धारण प्रक्रिया में बड़े बदलाव ला सकते हैं। इस आधुनिक लैब में इलेक्ट्रोएनसेफेलोग्राफी (ईईजी) सिस्टम है, जो दिमाग की इलेक्ट्रिक गतिविधि को मॉनिटर करता है। ईईजी, एक नॉन-इनवेसिव तकनीक है, इसमें कोर्टिकल एक्टिविटी को रिकॉर्ड करने के लिए स्कैल्प पर इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं। नई खोली गई लैब के महत्व पर रोशनी डालते हुए प्रोफेसर अरविंद सहाय, डायरेक्टर, एमडीआई गुड़गांव ने कहा, एमडीआई गुड़गांव में ब्रांडस्केप्स सेंटर फॉर बिहेवियरल साइंस एण्ड न्यूरो लैब का उद्घाटन करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। 2024 में हम और भी आधुनिक टेक्नेलॉजी के साथ मनुष्य के दिमाग की जटिलताओं और साइकोलोजी को समझने में सक्षम हुए हैं। नए सेंटर का उद्घाटन इन्हीं प्रयासों को जारी रखने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है, इसके साथ हमने अन्वेषण एवं खोज के नए दौर की शुरूआत की है।